अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2021
## (शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** मूल्यांकन प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु होता है— **(1)**

(A) विद्यार्थी (B) अध्यापक

(C) विद्यालय (D) प्रधानाचार्य

**2.** निम्न में से क्या रेंस का कथन है— **(1)**

(A) बचाव निदान का निम्नतम स्तर है (B) बचाव निदान का उच्चतम स्तर है

(C) बचाव निदान का मध्यम स्तर है (D) बचाव निदान का स्तर नहीं है

**3.** क्रियात्मक शोध का उपयोग होता है— **(1)**

(A) शिक्षण सुधार हेतु (B) शिक्षण में परिवर्तन हेतु

(C) विद्यालय एवं शिक्षण की समस्या समाधान हेतु (D) उपरोक्त सभी

**4.** सर्वशिक्षा अभियान के क्रियान्वयन करने से क्या सम्बन्धित है— **(1)**

(A) क्रियात्मक शोध (B) प्रयोगशाला शोध

(C) वैज्ञानिक शोध (D) उपरोक्त सभी

**5.** हर्ष ने अंग्रेजी में 80 अंक प्राप्त किया। यह क्या है— **(1)**

(A) परीक्षण (B) मानक मापन

(C) गुणात्मक मापन (D) मूल्यांकन

**6.** व्यवहारात्मक किस पक्ष का उद्देश्य है— **(1)**

(A) ज्ञानात्मक पक्ष (B) भावात्मक पक्ष

(C) मनोगत्यात्मक पक्ष (D) उपरोक्त सभी

**7.** मूल्यांकन का महत्वपूर्ण बिन्दु है— **(1)**

(A) शैक्षिक उद्देश्य (B) व्यवहार परिवर्तन

(C) अधिगम अनुभव (D) उपयुक्त सभी

**8.** लिंग के आधार पर व्यक्ति का महिला एवं पुरुष में विभाजन कहलाता है— **(1)**

(A) गुणात्मक मापन (B) मानक मापन

(C) मूल्यांकन (D) परीक्षण

**9.** "किन्हीं निश्चित स्वीकृत नियमों के अनुसार वस्तुओं को अंक प्रदान करना मापन है।" यह कथन किसका है— **(1)**

(A) कैम्पबेल का (B) थॉर्नडाइक का

(C) स्टीवेन्सन का (D) रॉस का

**10.** कौन-से क्षेत्र के उद्देश्यों के द्वारा बालक के शारीरिक गतिविधियों सम्बन्धी कौशलों का विकास होता है— **(1)**

(A) ज्ञानात्मक क्षेत्र (B) भावात्मक क्षेत्र

(C) मनोगत्यात्मक क्षेत्र (D) उपरोक्त सभी

**11.** स्टीफन एम. कोर ने शैक्षिक क्षेत्र में किस प्रकार का अनुसंधान का प्रयोग किया है— **(1)**

(A) मौलिक शोध (B) ऐतिहासिक शोध

(C) क्रियात्मक शोध (D) वैज्ञानिक शोध

**12.** ब्लूम टैक्सोनॉमी किस सन् में विकसित हुई— **(1)**

(A) 1975 (B) 1957

(C) 1956 (D) 1965

**13.** परीक्षण जो एक ही व्यक्ति पर बार-बार प्रयोग करने पर एक जैसा परिणाम देता है— **(1)**

(A) वस्तुनिष्ठ परीक्षण (B) व्यावहारिक परीक्षण

(C) वैध परीक्षण (D) विश्वसनीय परीक्षण

**14.** शोध में सम्पूर्ण जनसंख्या का छोटा भाग कहलाता है— **(1)**

(A) सार्थक (B) न्यादर्श

(C) सार्थकिकी (D) प्रतिजन

**15.** स्थान के आधार पर छात्रों को ग्रामीण एवं शहरी में विभक्त करना किस के अन्तर्गत आता है— **(1)**

(A) क्रमित स्तर (B) अन्तराल स्तर

(C) नामित स्तर (D) अनुपात स्तर

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** उपचारात्मक शिक्षण से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**17.** परिकल्पना का क्या अर्थ है? **(1)**

**18.** सामूहिक निदानात्मक परीक्षण के क्षेत्र कौन-कौन से हैं? **(1)**

**19.** शैक्षिक नवाचार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**20.** ब्लू-प्रिन्ट का क्या महत्व है? **(1)**

**21.** निदानात्मक परीक्षण का उपयोग क्या है? **(1)**

**22.** प्रश्न-पत्र बनाने के चरणों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**23.** ब्लू-प्रिन्ट क्या है? **(1)**

**24.** ब्लूम ने शैक्षिक उद्देश्यों को कितने भागों में विभाजित किया है? **(1)**

**25.** प्रश्न कितने प्रकार के होते हैं? **(1)**

**26.** पुनर्बलन का क्या अर्थ है? **(1)**

**27.** क्रियात्मक शोध की क्या उपयोगिता है? **(1)**

**28.** एक अच्छे उपकरण की क्या विशेषताएँ होती हैं? **(1)**

**29.** परीक्षण की वैधता से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**30.** अनुसंधान का क्या अर्थ है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मापन एवं मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** किसी विद्यालयार्थी पर विभिन्न प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का निर्माण कीजिए। **(2)**

**33.** रचनात्मक एवं योगात्मक मूल्यांकन की तुलना कीजिए। **(2)**

**34.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य क्या है? **(2)**

**35.** ग्रेडिंग प्रणाली से क्या तात्पर्य है? **(2)**

**36.** बालक के ज्ञानात्मक पक्ष का वर्गीकरण ब्लूम ने किस प्रकार किया है? **(2)**

**37.** शैक्षिक नवाचार को अपनाने में आने वाली बाधाओं को सूचीबद्ध कीजिए। **(2)**

**38.** क्रियात्मक शोध के सोपानों को बताइए। **(2)**

**39.** क्रियात्मक शोध एवं परम्परागत शोध में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** मौखिक परीक्षा के गुण एवं दोष क्या हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/2021

2. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

3. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN